तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर घबराएं नहीं थोड़ी सी सावधानी बड़ी ठगी से बचाएगी

4





खबर संक्षेप

हाई स्कूल मैदान में गूंजेगी शहनाज अख्तर की भक्ति स्वरधारा 16 को

जांजगीर-चांपा। नवरात्रि के अवसर पर भक्ति और संगीत का भव्य आयोजन करने जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से 16 अक्टूबर, शुक्रवार को शाम 7 बजे से हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में भक्ति राग जांजगीर एक शाम माँ के नाम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी। खास बात यह है कि कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

सेवा प्रदाताओं के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन

जांजगीर-चांपा। भारत सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना संचालित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड नाईट गार्ड के 2 अनारक्षित पदों पर भर्ती की जानी है। इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 6 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में भेज सकते हैं।

सीएम उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

जांजगीर-चांपा। राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआई में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑफ लाईन आवेदन 30 अक्टबूबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्टोरेट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 106 में जमा कर सकते हैं।

नाबालिग अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

पामगढ़। नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेंद्र काठे उम्र 35 को निवासी भदरा उपर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 19 सितंबर की रात नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना मिलने पर थाना पामगढ़ में अपहरण का अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को आरोपी धर्मेंद्र काठे की संलिप्तता की जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार किए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पामगढ़ निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी का योगदान रहा।

मेडिकल कॉलेज में शेष पांच सीटों पर भर्ती के लिए अंतिम काउंसिलिंग आज

सेंट्रल की आठ सीटों के लिए चार दिनों से काउंसिलिंग, तीन का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मेडिकल छात्र छात्राओं को पढ़ाते प्राध्यापक।

जांजगीर चांपा जिले में शुरू हुए 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल की 8 सीटो पर एडमिशन के लिए चार दिनों से काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। खास बात यह है कि चार दिनों की मशक्कत के बाद ले लेकर तीन छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है, जबकि शेष पांच सीटें अब भी रिक्त है। अब इसके लिए काउंसिलिंग करने सिर्फ अंतिम तिथि को एक दिन का समय रह गया है।

गौरतलब है कि जिले में बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ डॉक्टरी की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। खास बात यह है कि 50 सीट वाले कॉलेज में 42 विद्यार्थियों का एडमिशन पूरा हो चुका है जिनमें से रोजाना 30 से अधिक क्लास अटेंड भी कर रहे है, जबकि बाकी के सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया सोमवार 5 अक्टूबर से प्रारंभ हुई है। बताया जाता है कि सेंट्रल कोटे के 8 सीटों पर एडमिशन के लिए चल रही काउंसिलिंग प्रक्रिया के 4 दिनों में सिर्फ 3 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया है। मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल कोटे की सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की अंतिम तिथि शुक्रवार 9 अक्टूबर निर्धारित है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा इस कोटे में एडमिशन लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है और उनके यहां शामिल होकर एडमिशन कराने का इंतजार हो रहा है। बताया जाता है कि अभी तक 3 लोगों के एडमिशन के बाद मेडिकल कॉलेज में कुल एडमिशन लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 45 जा पहुंची है, जबकि 50 सीट वाले इस कॉलेज में 5 सीटों पर एडमिशन अभी भी बाकी है।

कुटरा में बन रहा कॉलेज भवन

मेडिकल कॉलेज के लिए स्थायी और सर्वसुविधायुक्त नया भवन कुटरा में बनाया जा रहा है, जहां वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है। नया भवन तैयार होने तक मेडिकल कॉलेज को अस्थायी तौर पर तीन अलग-अलग भवनों में संचालित किया जा रहा है। प्रबंधन ने इसके लिए लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के भवनों को अधिग्रहित किया है। कक्षा लाइवलीहुड कॉलेज के हॉल में लगाई जा रही है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभी सेंट्रल कोटे से एडमिशन के लिए काउंसिलिंग चल रही है। शुक्रवार 9 अक्टूबर को इसकी अंतिम तिथि है। इसके बाद उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन में कार्य किया जाएगा।

अंतिम तिथि आज

सेंट्रल कोटे की सीट पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया 4 दिनों से चल रही है। 9 अक्टूबर को अंतिम तिथि है। अभी तक 8 सीटों में से 3 पर एडमिशन हुआ है। शेष 5 सीटों पर एडमिशन होना है। एडमिशन लेने वाले बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है।

-डॉ.ओंकार कश्यप,
अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज जांजगीर

मंडल की कार्रवाई : 107 विद्युत उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

जांजगीर, चांपा जोन में कार्रवाई से बकायादारों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्रवाई करने पहुंचा विद्युत विभाग का अमला।

विद्युत बकायादारों पर कार्रवाई को लेकर विभाग का अमला एक्शन मोड पर है। इसी के तहत जांजगीर एंव चांपा जोन में कार्रवाई करते हुए 107 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए है। इन उपभोक्ताओं पर करीब 77 लाख 11 हजार से अधिक का बिजली बिल बकाया है।

गौरतलब है कि गुरूवार 8 अक्टूबर को मास डिस्कनेक्शन अभियान के दौरान चांपा जोन, सिवनी, मड़वा, जांजगीर एवं सारागांत क्षेत्र में बकाया डिजली बिल वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 203 कलेक्सानों की जांच की गई, जिन पर लगभग 77 लाख 11 हजार रुपये की डकाया राशि थी। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 107 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीमों ने उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए समझाइश दी। इसके परिणामस्वरूप 83 उपभोक्ताओं से कुल 25.04 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर नियमानुसार विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई की जाएगी। मास डिस्कनेक्शन अभियान के दौरान बकाया बिजली बिल के मामलों में नियमों का पालन नहीं करने वाले 4 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण तैयार किए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को विद्युत किल का भुगतान नहीं करने की स्थिति में होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कार्रवाई एवं एफआईआर होने की स्थिति में गिरफ्तारी तक की कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। इस विशेष अभियान में पूरे सर्कल के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गठित 10 टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि 107 बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

58 एकड़ सरकारी जमीन बेचने की तैयारी में, कलेक्टर से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ब्लॉक के ग्राम चारपारा में करोड़ों की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और उसे बेचने के प्रयास का मामला सामने आया है। यहां कुछ रसूखदारों द्वारा सरकारी जमीन को अपने नाम पर दर्ज कराकर बेचने की फिराक में लगे होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने एक बार फिर कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर जमीन की खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

खास बात

- मालखरौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत चारपारा का मामला

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार ग्राम चारपारा में कुल 58 एकड़ से अधिक जमीन जो राजस्व रिकॉर्ड में मिसाल बंदोबस्त के अनुसार यह प्रारंति सरकार यानी शासकीय भूमि के रूप में दर्ज थी। उस पर न केवल कब्जा किया गया है बल्कि उसे अपने नाम कराने के बाद बेचने की तैयारी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक रसूखदार और उनके परिजनों ने सांठगांठ कर इस पूरी जमीन को अपने नाम पर दर्ज करा लिया और उस पर अवैध रूप से खेती कर उपजे धान को मंडी में बेचकर लगातार अवैध लाभ कमाते रहे। इस मामले की शिकायत पूर्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सक्ती के समक्ष की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए 30 जनवरी 2024 को तत्कालीन कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 40 के तहत दंडात्मक कार्रवाई के आदेश तत्कालीन तहसीलदार मालखरौदा को दिए थे, लेकिन अनुविभाग स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से कब्जाधारियों के हौसले और बुलंद हो गए।ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई में हो रही देरी का फायदा उठाकर अब आरोपी इस शासकीय भूमि को बेचने की तैयारी में हैं। जमीन के सौदे के लिए खरीदार लगातार गांव में आ रहे हैं। यदि यह सौदा हो गया तो शासन को करोड़ों के राजस्व का अपूरणीय नुकसान होगा और ग्रामीणों को भविष्य में शासकीय योजनाओं के लिए जमीन की कमी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त भूमि की खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, मामले की उच्च स्तरीय जांच कर कब्जा हटाया जाए और पूर्व में तहसीलदार द्वारा धान विक्रय पर लगाई गई रोक का सख्ती से पालन कराया जाए। बताया जाता है कि ग्राम चारपारा में कुल 58 एकड़ से अधिक जमीन जो राजस्व रिकॉर्ड में मिसाल बंदोबस्त के अनुसार यह सरकार यानी शासकीय भूमि के रूप में दर्ज थी। उस पर न केवल कब्जा किया गया है बल्कि उसे अपने नाम कराने के बाद बेचने की तैयारी हो रही है। इस मामले की शिकायत पूर्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सक्ती के समक्ष की थी। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

रसोई में छिपाकर रखी थी महुआ शराब, आबकारी टीम ने पकड़ा

सक्ती। जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने सक्ती के पुरेन्हापारा वार्ड नंबर 5 में दबिश देकर अवैध महुआ शराब बरामद की। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जिला स्तरीय उड़नदस्ता प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल के नेतृत्व में टीम आबकारी वृत्त सक्ती क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पुरेन्हापारा वार्ड नंबर 5 निवासी विक्की बरेठ, पिता छोटे लाल बरेठ अपने रहवासी मकान में अवैध रूप से महुआ शराब रखे हुए है। इस दौरान 10 लीटर महुआ मदिरा बरामद हुई। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया।

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, छह वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में अवैध रेत और गिट्टी परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने शिकंजा कस दिया है। विभागीय उड़नदस्ते ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए रेत परिवहन के पांच और गिट्टी परिवहन के एक मामले में हाइवा व ट्रैक्टर समेत कुल छह वाहन जब्त किए हैं। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है।

कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन के निर्देशन में खनिज विभाग के उड़नदस्ते ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन में लगे छह वाहनों को जब्त किया है। खनिज निरीक्षक टुमेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में खनिज विभाग के उड़नदस्ते ने ग्राम मसनियाकला क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन के तीन प्रकरण पकड़े। 6 अक्टूबर को बाराद्वार नगर क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन के दो प्रकरण तथा चंद्रपुर नगर क्षेत्र में गिट्टी के अवैध परिवहन का एक प्रकरण सामने आया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए



वाहनों की बनाई गई जब्ती।

वाहनों में हाइवा और ट्रैक्टर शामिल हैं। वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए सक्ती स्थित अभिरक्षा केंद्र, थाना बाराद्वार और थाना चंद्रपुर में रखा गया है। विभाग द्वारा जब्त वाहनों के संबंध में खान और खनिज अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

बलौदा में 11 को निकलेगी अग्रसेन जयंती की भव्य शोभायात्रा

बलौदा। अग्रवाल सेवा समिति, युवा मंच एवं मारवाड़ी महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव 11 अक्टूबर रविवार को अग्रसेन भवन बलौदा में मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे पूजा अर्चना के बाद शाम 4:30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह होगा। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, मुख्य अतिथि लक्ष्मण मुकीम और विशेष अतिथि अंकुश लिखमानिया मौजूद रहेंगे। इस दौरान 25 सितंबर से 11 अक्टूबर तक रात 9:15 बजे से 15 प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसमें हौजी, गिलास गिराओ, मटका फोड़, पासिंग द पिलो, लूडो, नोट गिनो, डॉग एंड द बोन, स्लो मोटरसाइकिल रेस स्पर्धाएं होगी।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर में रंगरोगन का कार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंसतपुर में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गई है ताकि यहां के विघार्थियों को पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े। तथा शिक्षा गुणवत्ता युक्त शिक्षा सभी को मिल सके। वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे पिछले चार साल से रंग रोगन नहीं होने के कारण बंदरंग दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि विघालय में गत चार वर्ष से रंग रोगन पुताई कार्य नहीं हुआ है। स्कूल की दीवारें पूरी तरह बंदरंग हो चुकी है और पपड़ी बनकर झड़ रहा है। शासन की तरफ से हर साल शाला मरम्मत कार्य के लिए बजट जारी होने के बावजूद भी यह स्कूल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इससे मिलने वाले बजट की राशि कहां पर खर्च होता है यह सोचने वाले बात है। आज चार वर्ष से जिन विघालय की रंग रोगन साफ सफाई पुताई नहीं होने से विघालय बंदरंग दिखाई दे रहा है। ग्रामीण का कहना है कि पिछले चार वर्षों से विघालय की रंग रोगन साफ सफाई और पुताई नहीं होने के साथ साथ देखरेख के अभाव में भवन की हालत ख़ुद बयां कर रही है तथा भवन की दीवारों में सीलन और गंदगी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर ही असर पड़ने की अशंका बनी हुई है। हर साल शासन के व्दारा सभी शासकीय स्कूल में मरम्मत कार्य साफ सफाई रंग रोगन पुताई कार्य के लिए राशि जारी किया जाता है परन्तु इस राशि का स्कूल में कहां पर राशि खर्च किया गया यह जांच का विषय बना हुआ है।

इस संबंध में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर के प्रधान पाठक महेश्वर ड़ड़सेना का कहना है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के लिए पिछले चार साल से विघालय के साफ सफाई रंग रोगन पुताई मरम्मत कार्य के लिए राशि आहरण किया जाता है परन्तु चार दशक से शाला का रंग रोगन पुताई कार्य नहीं हो पाया है।

हाईस्कूल मैदान में चल रहे उपनिषद ज्ञानामृत महायज्ञ का समापन

भक्ति के बिना कर्म और ज्ञान दोनों ही मार्ग अपूर्णः रासेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रवचन सुनने पहुंचे लोग।

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में 25 सितंबर से चल रहे 14 दिवसीय दार्शनिक महायज्ञ उपनिषद ज्ञानामृत का बुधवार को अत्यंत भावपूर्ण और भव्य समापन हो गया। समापन दिवस पर पंचम मौलिक जगदगुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका रासेश्वरी देवी के प्रवचन को सुनने हजारों श्रद्धालु उमड़े, जहां प्रेम और भक्ति की ऐसी धारा बही कि पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा।

प्रवचन का सार देते हुए रासेश्वरी देवी ने कहा कि शास्त्र आध्यात्मिक धर्म अर्थात भक्ति मार्ग को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बताते हैं, भक्ति के बिना कर्म और ज्ञान दोनों ही मार्ग अपूर्ण हैं। उन्होंने भगवान के तीन रूपों ब्रह्म, परमात्मा और भगवान की व्याख्या करते हुए बताया कि ब्रह्म निराकार रूप है जिसकी उपासना ज्ञानी करते हैं, परमात्मा हृदय में स्थित रूप है जिसकी उपासना योगी करते हैं और भगवान वह साकार रूप है जो अपने भक्तों के संग लीलाएं करता है। इसे सरल करते हुए उन्होंने कलेक्टर का उदाहरण दिया कि जैसे कलेक्टर ऑफिस में नियमों से बंधा रहता है लेकिन घर आकर अपने बच्चे के प्रेम में घोड़ा भी बन जाता है, वैसे ही भगवान का ऐश्वर्यशाली रूप ऑफिशियल है जहां दूरी बनी रहती है, लेकिन उनका माधुर्य रूप घर जैसा है जहां वे भक्तों के प्रेम के वश में होकर उनकी उंगलियों पर नाचते हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में भगवान से प्रेम के पांच भाव बताए गए हैं शांत, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर भाव। दास्य भाव में भगवान स्वामी और जीव दास होता है जिसमें मर्यादाएं अधिक होती हैं, इससे ऊपर सख्य यानी मित्रता और वात्सल्य यानी माता-पिता का भाव है जहां दूरियां कम होती जाती हैं, लेकिन सर्वोच्च मधुर भाव यानी गोपी प्रेम है जहां जीव अपना सर्वस्व भगवान को सौंपकर परम आनंद पा लेता है। उन्होंने आगाह किया कि प्रारंभिक भक्ति साधन भक्ति है और सच्ची साधन भक्ति की शर्त सर्वाभिलाषिता शून्यम है, अर्थात भगवान के पास लंबी चौड़ी सांसारिक कामनाओं की लिस्ट लेकर जाना भक्ति नहीं मजदूरी है, भगवान किसी का प्रारब्ध काटकर भौतिक सुख नहीं देते, सच्ची भक्ति में संसार तो क्या मोक्ष की भी कामना नहीं होती, केवल भगवान के सुख में ही अपना सुख होता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रज गोपिका सेवा मिशन की ओर से इस 14 दिवसीय महायज्ञ में रासेश्वरी देवी ने कहा कि जो लोग इस साधन भक्ति को निरंतर जीवन में उतारना चाहते हैं, वे स्थानीय सत्संग केंद्र से जुड़कर अंतःकरण शुद्धि का यह प्रयोग जारी रख सकते हैं, क्योंकि उपनिषदों का ज्ञान वह अमृतमय ज्ञान है जो जीव को भगवान के पथ पर चलने का अंतिम मार्ग दिखाता है।

जुआ खेलते 11 आरोपी गिरफ्तार 50 हजार नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कोटगढ़ और बाना में दबिश देकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 50 हजार 300 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश एवं बोरा-फट्टी बरामद की है। कार्रवाई में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए।

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कोटगढ़ एवं बाना में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दिलीप टंडन, राजकुमार मिरी, श्याम कार्तिक,



अजय कंवट, कुश कुमार अंचल, अमरकांत कुर्रे, शिव कुमार, सोमू भारती, मनीराम साण्डे, विवेकी मिरी एवं बाली कुमार कंवर को जुआ खेलते पकड़ा। सभी आरोपी थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटगढ़ एवं बाना के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में अकलतरा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

खबर संक्षेप



शारदीय नवरात्रि में होगी मां नव दुर्गा की भव्य झांकी

चांपा। चांपा के हृदय स्थल पर स्थित आशीष नगर, चौपाटी के पास स्थित रामबांधा हर्चनलाल युवा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 वें वर्ष में शारदीय नवरात्रि पर्व पर देवी मां नवदुर्गा जी की भव्य झांकी के साथ प्रतिष्ठापना की जायेगी । इसी तारतम्य में आज समिति के प्रमुख राहुल अहीर, इंजीनियर आलोक कुमार सोनी, शैलेन्द्र कुमार सोनी, सुशील कुमार शर्मा, सीए नवनीत सोनी, लक्ष्मी प्रसाद अहीर, सुदेश अहीर शशिभूषण सोनी सहित आशीष नगर के सभी लोगों की मौजूदगी में मां भगवती की कृपा से पंडाल स्थल का भूमिपूजन विधि-विधान से संपन्न किया गया । इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समिति द्वारा तैयार की जा रही झांकी में मां नव दुर्गा के दिव्य नौं रूपों के दर्शन भी होंगे। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार को घट स्थापना , वेदी पूजन के साथ नवरात्रि प्रारंभ होगा। 17 अक्टूबर महानिशा पूजा, नींबू माला समर्पण, रात्रि 11: 30 बजें रखी गई हैं । इसी तरह 19 अक्टूबर सोमवार को महाअष्टमी पूजा, दुर्गा नवमीं , कन्या भोज दोपहर बारह बजे और हवन दोपहर 03 बजें पूर्णाहुति, भंडारा प्रसाद हैं। इसी तरह 20 अक्टूबर मंगलवार को प्रसाद वितरण, देवी मूर्ति विसर्जन होगा। उन्होंने बताया कि आरती प्रतिदिन प्रातःकाल 8 बजे एवं सायंकाल 7 बजें से प्रारंभ होगा ।

फाइब्रोस्कैन जांच शिविर से 55 मरीज लाभान्वित

पामगढ़। बी.आर. कर्ष अस्पताल, पामगढ़ में 8 अक्टूबर को फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 55 मरीजों ने पहुंचकर अपने लिवर की जांच कराई।



फाइब्रोस्कैन के माध्यम से लिवर में मौजूद फैट तथा लिवर की कठोरता (फाइब्रोसिस) की जांच की गई। शिविर के दौरान डॉ. शुभम शूक्ला द्वारा मरीजों की जांच कर उनकी रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं उचित मार्गदर्शन दिया गया। डां नरेन्द्र कर्ष ने बताया कि समय पर लिवर की जांच कराने से लिवर संबंधी बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान एवं उपचार में सहायता मिलती है। शिविर में आए मरीजों ने अस्पताल द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य जांच पहल की सराहना की।

ग्राम पंचायत सोंठी में शिव शक्ति महिला समिति का गठन



मालखरौदा। सक्ती जिले के ग्राम, पंचायत सोंठी के राधा-कृष्ण मंदिर चौक में 'शिव शक्ति महिला समिति' का गठन किया गया है। समिति के गठन के साथ ही इस वर्ष गांव में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसे लेकर ग्रामीण महिलाओं और स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भव्य प्रतिमा स्थापनाः मंदिर चौक पर विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमः उत्सव के दौरान प्रतिदिन महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिता का आयोजन होंगे। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां और धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर और पूरे चौक को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जिससे पूरे गांव में एक भक्तिमय और पावन वातावरण बनेगा। सामाजिक एकजुटताः इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक समरसता के साथ एकजुटता का अनूठा माहौल देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा आचार्य टेमर, सरपंच राखी यादव,साहेब लाल पटेल, गणेश साहू,दुजे लाल पटेल, राम अवतार साहू,शैलेंद्र यादव, , बाबूलाल पटेल नितेश पटेल के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



जांजगीर-चांपा। बिर्रा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिलादेही के आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत मंगलवार 6 अक्टूबर को गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोषण माह के अंतर्गत महिलाओं को इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान सुपरवाइजर उर्मिला भारती, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उतरा वैष्णव, उमा वैष्णव, सुरेखा वैष्णव, रजनी साहू समेत अन्य लोग शामिल हुए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत ने निकाली मशाल यात्रा

पामगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत पामगढ़ द्वारा बुधवार, 7 अक्टूबर की शाम "सेवा ज्योति यात्रा" का आयोजन किया गया। सेवा, सुशासन, स्वच्छता एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मशाल जुलूस में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, महिला कमांडो सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मशाल यात्रा के दौरान नगर में सेवा और जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

सेवा ज्योति यात्रा की शुरुआत शाम करीब 5 बजे नगर पंचायत कार्यालय पामगढ़ से हुई। हाथों में मशाल लेकर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और महिला कमांडो यात्रा में शामिल हुए। जुलूस नगर पंचायत कार्यालय से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जांजगीर मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान लोगों में भी यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। जांजगीर मोड़ पहुंचने के बाद मशाल जुलूस पुनः नगर पंचायत कार्यालय की ओर रवाना हुआ और नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। मशाल जुलूस के माध्यम से आम नागरिकों को

जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, महिला कमांडो ने लिया हिस्सा



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों से जोड़ने के साथ ही सेवा, सुशासन, स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किसी भी नगर के विकास में केवल शासन और प्रशासन की भूमिका पर्याप्त नहीं होती, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से लोगों को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यात्रा के दौरान लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सहयोग करने का संदेश भी दिया गया। मशाल यात्रा ने नगरवासियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का काम किया। सेवा ज्योति यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष गौरी जांगड़े, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कमल खुटे, पार्षद सुभाष ओगरे, जीतेश कुर्रे एवं संजय खांडे, एल्डरमैन मुकेश कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्रजमोहन सिंह, उप अभियंता सतीश साहू, व्यवस्थापक अवध बिहारी तिवारी, प्रतीक सिंह एवं भरथरी जांगड़े सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इसके अलावा महिला कमांडो दल ने भी मशाल यात्रा में सहभागिता की। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा।

गुणवत्तापूर्ण और तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने के दिए निर्देश

निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत भवन आंगनबाड़ी केंद्र का कलेक्टर और सीईओ ने किया निरीक्षण

सक्ती। जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत भवन आदि निर्माण कार्य सहित आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती जैन ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य निर्माण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में कलेक्टर और सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत सकरेली बा के नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र स्टेशन पारा व संकुल सकरेली बा. के शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन भांठा का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा स्टेशन भांठा स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों से उनके ज्ञान के स्तर की जानकारी लेते हुए उपस्थित शिक्षकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण एजेंसियों एवं संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्रीमती जैन ने कहा कि शासकीय भवनों का निर्माण जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता एवं तकनीकी मापदंडों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब नहीं किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और सीईओ ने निर्माणाधीन भवनों में आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्य की प्रगति तथा मौके पर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी रूप से समय पर पूरा हो सके। इसी क्रम में सकरेली बाराद्वार स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने तथा भवन निर्माण को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए भवन निर्माण में गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



राहुल-प्रियंका की हिरासत के विरोध में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

अकलतरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 8 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए "काला दिवस" के रूप में मनाते हुए अकलतरा में कांग्रेसजनों ने शास्त्री चौक पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित इंडिया ब्लॉक के नेताओं को दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के विरोध में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। विपक्षी नेताओं को हिरासत में लेकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। कार्यक्रम को नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर एवं अविनाश साहू ने भी संबोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विपक्षी नेताओं को रोके जाने और पुलिस कार्रवाई के विरोध में देशभर में प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। कांग्रेस ने 8 अक्टूबर को लोकतंत्र के लिए "काला दिवस" घोषित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग उठाई है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठाए जा रहे सवालों का समाधान संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए। इस दौरान कांग्रेसजनों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पार्षद विजय खांडेल ,अब्दुल मोईद,मदन सिंह बैंस ,अविनाश लाटा,डी आर डाहिरे,सुरेश सिदार,अविनाश साहू ,छत राम साहू ,मीनू साहू ,पतराम साहू ,जय दीप सिंह बैस हितेश सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खास बात

- शास्त्री चौक पर कांग्रेसजनों ने किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

सेवा संकल्प के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन और कार्यकर्ता-सहायिका का सम्मान

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 17-1 जांजगीर में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 18 के पार्षद दिनेश राठौर रहे। वहीं बाल कल्याण विभाग की सदस्य अनुराधा शुक्ला ने कार्यक्रम में बतौर वक्ता सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर वार्ड नंबर 17 की पार्षद श्रीमती मनीषा गोपल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मयंक परमहंस, शिवाकांत राठौर, कार्यकारिणी सदस्य एवं विवेकानंद स्कूल के संचालक-प्राचार्य मनोज पांडेय, श्रीमती सुषमा पांडेय, पूर्व पार्षद शिवलता राठौर, पुरनलाल सूर्यवंशी तथा पर्यवेक्षक सुश्री नवधा राठिया सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सारिका राठौर एवं सहायिका श्रीमती सुनीता साहू को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र, श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बालक शिवाय का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गर्भवती महिला पूनम कुमारी की गोद भराई की रस्म भी विधिवत संपन्न कराई गई। उन्हें गोद भराई की टोकरी



में सुहाग सामग्री एवं श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा, खाद्य समूह एवं 'मेरी पौष्टिक थाली' का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने घर-घर मुनगा, हर घर मुनगा अभियान के साथ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सुशील शुक्ला, जगदीश राठौर एवं चंद्रहास मिश्रा की ओर से न्योता भोज कराया गया। इसमें खीर, पूरी, सब्जी, मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। वहीं सेवानिवृत्त पटवारी शिव कुमार राठौर एवं रेणुका राठौर की ओर से आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलौने प्रदान किए गए। न्योता भोज एवं कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए इंजीनियर नयन राठौर, आशीष श्रीवास्तव एवं मीडिया सदस्य शंभू सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा न्योता भोज कराने वाले तथा बच्चों को खिलौने प्रदान करने वाले दानदाताओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फगनी, किरण, संध्या साहू, सुरुचि, प्रिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सरेआम चाकूबाजी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। दीपका चौक पर 2 अक्टूबर को बधाई मांगने को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में आखिरकार पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी शुभम जाधव और चंडी बाबू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि 2 अक्टूबर को दीपका के व्यस्त चौक पर दिनदहाड़े लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के साथ जमकर हंगामा हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। वीडियो सामने आने के बाद व्यापारियों और आम लोगों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर नाराजगी देखी गई। घटना के बाद वायरल वीडियो को लेकर पुलिस की शुरुआती कार्रवाई पर सवाल उठने लगे थे। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम जाधव और चंडी बाबू के रूप में हुई है।

कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



सक्ती। जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के अंतर्गत ₹वोट बचाओ, देश बचाओ₹ के नारे के साथ जोरदार प्रदर्शन किया गया। दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं सांसदों के साथ हुई बर्बरतापूर्ण व अलोकतांत्रिक कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसजनों ने आज के दिन को भारतीय इतिहास के ₹काला दिवस₹ के रूप में मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला और कचहरी चौक पहुंचकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों और विपक्ष की आवाज दबाने के प्रयासों की कड़े शब्दों में निंदा की। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गभेल, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व विधायक चैन सिंह सामले, जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, त्रिलोक जायसवाल, जिला महामंत्री गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, घनश्याम देवांगन, अमित राठौर, राजीव जायसवाल, ताम्रध्वज चंद्रा, बोधसाय चंद्रा, ओमप्रकाश पटेल विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बलराम पांडेय, अमरसिंह बनाफर, रुप नारायण साहू, ताराचंद साहू, भुनेश्वर चंद्रा, नीतेश वर्मा, सचिव चन्द्रकुमार सोनी, राजेन्द्र यादव, भीष्म देव भारती, पूर्णिमा खूंटे, सुनील पटेल, सन्नी यादव, दूजराम साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, राकेश गबेल, ग्रामीण अध्यक्ष रामप्यारे सिदार, श्याम कुमार केवट, गोपाल भारद्वाज, लंकेश्वरी देवा लहरें, चन्द्रकुमार गबेल, सोनू तंबोली, प्रकाश गबेल, विजया जायसवाल, महबूब खान, नरेश गेवाडीन, लाला सोनी, जीवेन्द राठौर, भूरू अग्रवाल, राशिद खान, प्रेम राठौर, छोटूदास महंत, समेलाल जायसवाल, रवीन्द्र राठौर, आनंद नायक, उमंग गबेल, प्रेमसिंह नेताम, गायत्री सिदार, सहसराम कर्ष, राजू राठौड़, नवधा मौरे, बलराम वैष्णव, विनय चंद्रा, जागेश्वर राज, श्याम सोनी, कालू अग्रवाल, साधैश्वर गबेल, अयोध्या भारद्वाज, समेलाल गबेल, राजेश खुंटे, रोहित यादव, ज्योतिष गर्ग, राकेश रोशन महंत, पीयूष राय, मनोज जायसवाल, खगेश्वर चंद्रा, सोनी रात्रे, उमेश यादव, प्रदीप पटेल, सुंदर पटेल, ताराचंद साहू, कमल चंद्रा, सफीक अहमद, रोहित चंद्रा, अमरनाथ साहू, बबला महंत, ज्योति गबेल, रामेश्वरी पटेल, गीता देवांगन, अल्का जायसवाल, लच्छीराम यादव, सुरेश अजगल्ले, रवि देवांगन, कार्तिक साहू, भीष्म साहू, खगेश गबेल, श्याम साहू, रामकुमार राठौर, घनश्याम गबेल, पूरन गबेल उपस्थित थे। इसके अलावा इंडिया गठबंधन से कामरेड अनिल शर्मा व उनके सहयोगी साथी, प्रदेश सचिव दिवाकर यादव, प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव तथा ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी चन्द्र कुमार, विजय चंद्रा, अशोक गबेल, नंदलाल सिदार, शांतिभुषण बनाफर, विजय सूर्यवंशी, पप्पू खान, नारायण गभेल, शैलैश अजगल्ले, प्रेम प्रधान, प्यारेलाल पटेल, रथराम पटेल, पुरूषोत्तम साहू, देवा लहरें, सोमनाथ, उमेश साहू, विशाल जांगड़े, रिजवान कुरैषी, शिवप्रसाद साहू, प्रताप चन्द्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और ग्रामीण जन मौजूद रहे।

शांति समिति की बैठक में दुर्गा उत्सव शांतिपूर्ण मनाने पर जोर

समाचार क्रमांक-4

बलौदा। दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बलौदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी मनोहर सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में नगर के नागरिकों, ग्राम पंचायतों के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा थाना स्टाफ की उपस्थिति रही। बैठक में थाना प्रभारी मनोहर सिंह ने दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने सभी से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए उत्सव को शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक



एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान सभी की जिम्मेदारी है कि वे प्रशासन और पुलिस का सहयोग करें, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई तथा शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर आवश्यक सहयोग और समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। शांति समिति की बैठक में कन्हैया राठौर, अभिनेश ठाकुर, राधेश्याम शर्मा, सौरभ गोयल, नरेंद्र मित्तल, हरीश साहू, दीपक जैन, गोलू गौराहा, गोवर्धन कुर्रे, आशीष सोनी सहित थाना स्टाफ, नगर के नागरिक, समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, पत्रकार बंधु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

सेजस में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



चैतमा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हेल्थकेयर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 4 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं स्थानीय ग्रामवासियों ने लाभ उठाया। मरीजों को प्राथमिक उपचार, विशेषज्ञ परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीएस रस्तोगी ने बीमारियों के बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एलोपैथी टीम ने मरीजों का बीपी शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड टेस्ट सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मैक्स डेंट केयर के डेंटल सर्जन एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल मिश्रा तथा कॉस्मेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. शिब्या सिंह ने दांतों की सुरक्षा से जुड़ी सलाह दी।



अभी भी तैयार नहीं हुआ सलमान की मातृभूमि का फाइनल वर्जन

मुंबई। अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'पर आए दिन कोई न कोई नया अपडेट सामने आ ही रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जल्द ही इस पिक्चर की रिलीज डेट का ऐलान हो सकता। ये भी कहा गया कि मेकर्स नवंबर में इस फिल्म को रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया कि अभी भी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। रिलीज डेट को लेकर फिलहाल स्पष्टता नहीं है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में अभी भी बदलाव का काम जारी है और रवि बसरूर बैकग्राउंड स्कोर पर लगे हुए हैं। मेकर्स ने अभी फिल्म का फाइनल कट तय नहीं किया है। यानी फिल्म का फाइनल वर्जन तैयार होना बाकी है।

लाइफ Style


कृति

लोग अपने काम से काम रखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट 'व्हाट वीमेन वांट' का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे।

अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, 'मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी।' इस पर करीना ने कहा, 'मुझे पता है।' शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें।' दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं।



हॉलीवुड मसाला




दी एक्जॉरसिस्ट मार्टर्स का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए मजेदार खबर आई है। 53 साल पुरानी दुनिया की सबसे हॉरर मूवी 'द एक्सॉर्सिस्ट' फ्रेंचाइजी के नए पार्ट की पहली झलक ने दस्तक दे दी है। इसकी पहली झलक ही होश उड़ाने के लिए काफी है। मशहूर फिल्ममेकर माइक फ्लैनगन की नई हॉरर फिल्म 'दी एक्जॉरसिस्टः मार्टर्स' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। 15 सेकेंड का यह टीजर फिल्म की कहानी तो पूरी तरह नहीं खोलता, लेकिन इसके डरावने विजुअल्स ने फिल्म को लेकर फैन्स में जरूर दीवानगी का आलम पैदा कर दिया है।



टॉम की फिल्म डिगर को 1350 करोड़ का नुकसान!

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की फिल्म 'डिगर' को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी असफलता का सामना करना पड़ा है। फिल्म को लगभग 1,350 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। वैसे तो नॉर्थ अमेरिका में भी ये बुरी तरह पिट ही रही है, लेकिन भारत में अजय देवगन की 'दृश्यम 3' के रिलीज होने का भी इस पर असर पड़ा है। एलेजैंड्रो इनारितु की फिल्म 'डिगर' - जिसमें टॉम क्रूज ने एक लालची तेल कारोबारी का ऐसा रोल निभाया है जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है - ओपनिंग वीकेंड में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने के बाद दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 19 साल पहले टॉम क्रूज की एक फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में $8 मिलियन से कम की ओपनिंग की थी।



35 साल की उम्र में दूसरी बार बनेंगी मां...

मुंबई। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर एक बार फिर नन्हे मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। कपल ने बुधवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस बात की जानकारी सभी के साथ शेयर की। पोस्ट सामने आते ही फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स कपल को जमकर बधाई दे रहे हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर किया। पोस्ट में एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें कपल के हाथ पर एक छोटे से बच्चे के सॉक्स रखे हैं और उनकी बेटी सराया ने भी उसे पकड़ रखा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'एक बार फिर सबसे बड़े तोहफे का आशीर्वाद मिला है। हमारा दिल प्यार और शुक्रगुजार से भरा हुआ है।'



रामायण की दुनिया में वापस लौटा अरुण

नई दिल्ली। अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान श्रीराम का किरदार निभाया था। मगर नितेश तिवारी की रामायण में वह राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इस पोस्टर में वह अयोध्या के राजा की वेश भूषा में सिंहासन पर बैठे हुए हैं। इतने साल बाद अरुण को दोबारा रामायण के जुड़े पात्र के रूप में देखना अपने आप में एक भावुक पल होगा। मेकर्स ने इस फोटो के साथ एक खास कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब, वे अयोध्या के राजा के रूप में रामायण की दुनिया में लौट रहे हैं। अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में।' इस कैप्शन से निर्माताओं ने फैंस से कहा है कि रामानंद सागर ने अरुण गोविल को राम के रूप में कास्ट कर एक पीढ़ी पर छाप छोड़ी थी।

टीवी मसाला



'कपिल शो' में महफिल जमाने आ रहे सुनील व रवि

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का पॉपुलर शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने नए सीजन के साथ आ गया है। जो नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को खूब हंसा रहा है। इस शो में हर हफ्ते बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है। जिसमें क्रिकेट जगत के दो दिग्गज सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री कपिल की महफिल में चार चांद लगाते नजर आएंगे। कपिल शर्मा के इस सीजन में अब तक कई सितारे आ चुके हैं। शो के शुरुआती एपिसोड्स में बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स कपिल शर्मा की पूरी गैंग के साथ मजेदार मस्ती करते नजर आए हैं। जिसमें सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा शामिल हैं। हर शनिवार को आने वाला यह एपिसोड दर्शकों को हंसी का भरपूर डोज दे रहा है। सामने आए नए प्रोमो में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिखाई दे रहे हैं। जहां वो कपिल शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम के दिलचस्प किस्से और क्रिकेट की पुरानी यादें शेयर करते दिख रहे हैं। वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू जब सुनील गावस्कर से पूछते हैं कि वो उस दौर में बिना हेलमेट के कैसे बैटिंग कर लेते थे? तो गावस्कर मजाकिया लहजे में जवाब देते हैं "क्योंकि अंदर कुछ था ही नहीं." यह सुनकर पूरा सेट ठहाकों से गूंज उठता है।

बिग बॉस में शैनन की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री

नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 20' को शुरू हुए एक महीना हो गया और इस एक महीने में शो के अंदर काफी कुछ देखने को मिला। शो की शुरुआत में 16 प्रतियोगियों ने इसमें हिस्सा लिया था।



इसके बाद जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा तो तीन कंटेस्टेंट्स बाहर भी हो गए। अब शो में जल्द ही कुछ वाइल्डकार्ड एंट्री देखने को मिल सकती हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर शैनन के का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि शैनन बिग बॉस के इस सीजन में घर में बतौर वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एंट्री कर सकती हैं। बता दें कि शैनन के. बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू की बेटी हैं। सिंगर ने दो शादियां की और उनकी पहली शादी से बेटे जान कुमार सानू हैं और दूसरी पत्नी के साथ गायक ने एक बेटी को गोद लिया, जो शैनन हैं। शैनन ने अपना डेब्यू पॉप सिंगल 'अ लॉन्ग टाइम' से किया था, जिसे जस्टिन बीबर के सहयोगी पू बी ने प्रोड्यूस किया था और लिखा था। शैनन के. सिंगर हैं और उनका करियर सिर्फ भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म किंग में शाहरुख से भिड़ेंगे विलेन बने अभिषेक

शाहरुख खान की मच-अवेटेड एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किंग' को लेकर फैन्स के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। फिल्म में जहां शाहरुख खान एक खतरनाक रोल में दिखेंगे। वहीं, अभिषेक बच्चन फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान के साथ अपने रिश्ते और फिल्म 'किंग' को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

मुंबई। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान को अपने 'बड़े भाई'जैसा बताते हुए एक बड़ा खुलासा किया. वो कहते हैं कि- किंग खान ने कई बार पर्सनल तौर पर उनके कॅरियर में मदद की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिषेक बच्चन ने बताया, 'शाहरुख खान मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह हैं। सच कहूं तो उन्होंने कई बार मेरे कॅरियर की पर्सनल तौर पर जिम्मेदारी ली है, जिसमें अब हमारी अपकमिंग फिल्म 'किंग' भी शामिल है।' इस दौरान अभिषेक ने याद किया कि बॉलीवुड में एंट्री करने से बहुत पहले से वो शाहरुख खान के करीब रहे हैं। बचपन और शुरुआती दिनों को याद किया। साथ ही कहा कि- ऋतिक रोशन, उदय चोपड़ा और सिकंदर खेर के साथ संडे को क्रिकेट खेलने के दौरान भी शाहरुख उन सभी को गाइड करते थे। अभिषेक बच्चन ने बताया कि सालों पहले उन्होंने शाहरुख खान से पूछा था कि उनकी सबसे फेवरेट फिल्म कौन सी है।



इस पर शाहरुख खान ने उन्हें जो जवाब दिया था, वो सलाह अभिषेक के दिल में हमेशा के लिए बस गई। शाहरुख ने उनसे कहा था-मेरी पसंदीदा फिल्म वही होती है, जो मैं अभी कर रहा होता हूं। अगर वह मेरी पसंदीदा फिल्म नहीं है, तो मैं उसे कर ही क्यों रहा हूं? जो बीत गया, वो बीत गया लेकिन इस वक्त मेरे लिए मेरी सबसे पसंदीदा फिल्म वही है जो मैं कर रहा हूं। अभिषेक ने कहा कि वो भी इसी सोच को मानते हैं, और इसीलिए इस समय 'किंग' उनकी सबसे फेवरेट फिल्म है।

टकराव के डर से मेकर्स ने आगे बढ़ाई काली खेती की रिलीज...

फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट मेकर्स ने बदल दी है। पहले फिल्म अक्तूबर के महीने में रिलीज होने वाली थी। मगर अब इसकी रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

मुंबई। बीते दिनों फिल्म 'काली खेती' के पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट 23 अक्टूबर बताई गई थी। मगर अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बढ़ा दी है। सोशल मीडिया के जरिए मेकर्स ने फैंस को बताया कि फिल्म अब 20 नवंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर के अलावा नेहा सरगम भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्टूबर में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें अजय देवगन की दृश्यम 3, आयुष्मान खुराना की उड़ता तीर, रश्मिका-विजय की रणबाली, यामी गौतम की नई नवेली और पहला प्यार दूसरी बार शामिल हैं। काली खेती का टकराव 'पहला प्यार दूसरी बार' से होने वाला है। यह फिल्म भी 23 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस वजह से जैकी श्रॉफ की फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट को



आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म का निर्देशन और लेखन हारिस इम्तियाज खान ने किया है। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए लगाते हैं एक से बढ़कर एक तरकीबें

सिनेमा जगत के 5 सबसे भयानक प्रमोशन, ऑडियंस की हो गई थी हालत खराब

नई दिल्ली। भारत में भले ही हॉरर फिल्मों का बाजार इतना बड़ा न हो, लेकिन अन्य देशों में इस तरह की फिल्में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। मेकर्स अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए भी एक से बढ़कर एक तरकीबें लगाते हैं। आज हम जानेंगे सिनेमा जगत के इतिहास में अभी तक किए गए सबसे डरावने प्रमोशन इवेंट या एक्टिविटी। लिस्ट में कुछ ऐसे प्रमोशन इवेंट भी शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी थी।

थिएटर्स के बाहर नर्सों की कतारें

साल 1960 में आई फिल्म 'साइको' का प्रमोशन इस तरह का पहला प्रयोग था। कहा जाता है कि इसी फिल्म के जरिए हॉरर फिल्मों का भयानक अंदाज में प्रमोशन करने का सिलसिला शुरू हुआ था। डायरेक्टर अल्फ्रेड हिचकॉक ने सख्त नियम लागू करवाए थे कि फिल्म शुरू होने के बाद किसी भी लेट आने वाले को थिएटर में एंट्री नहीं मिलेगी। इसके साथ ही, सिनेमाघरों के बाहर नकली डॉक्टरों और नर्सों को तैनात किया गया था और दर्शकों को हार्ट अटैक के जोखिम की चेतावनी वाले फॉर्म दिए जा रहे थे। लोगों के दिमाग में भर दिया गया कि यह फिल्म इतनी डरावनी है कि इसे देखते हुए किसी की जान भी जा सकती है। लोग कांपते हुए यह फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देखने के दौरान भी उनकी हालत खराब थी कि आगे न जाने कौन सा सीन आ जाएगा।

शहर भर में 'लापता' लोगों के पोस्टर

यह प्रमोशन इवेंट साल 1999 में आई फिल्म 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' के लिए किया गया था। इसे सिनेमा के इतिहास का सबसे सक्सेसफुल और डरावना गुरिल्ला मार्केटिंग कैंपेन माना जाता है। हुआ यह था कि फिल्म के रिलीज होने से पहले मेकर्स ने इंटरनेट पर एक वेबसाइट बनाई और कॉलेज कैंपसों व थिएटर्स के बाहर फिल्म के मुख्य कलाकारों के लापता होने के पोस्टर लगा दिए। लोगों को यह यकीन दिलाया गया कि यह कोई फिल्म नहीं है, बल्कि उन छात्रों की असली फुटेज है जो जंगल में खो गए थे। लोगों में इस फिल्म ने काफी डर भर दिया था।



लाइव इवेंट में लोगों की हुई हालत खराब : साल 2022 में आई फिल्म 'स्माइल' और 2024 में आई 'स्माइल-2' के प्रमोशन में तो मेकर्स ने हद ही कर दी। मेकर्स ने अमेरिका के बड़े लाइव बेसबॉल मैचों और टीवी शोज के दौरान बैकग्राउंड में कुछ लोगों को डरावना मेकअप करके बिठा दिया। ये लोग बिना पलक झपकाए, लगातार कई घंटों तक कैमरे की तरफ देखकर एक बेहद डरावनी और अजीब मुस्कान देते रहे। लोग एक असली इवेंट में कनफ्यूज थे कि यह कोई मानसिक बीमारी है या भूतिया घटना।

जब बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना पड़ गया


बात साल 2006 की है जब टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल 3' का प्रमोशन चल रहा था। भले ही यह कोई हॉरर फिल्म नहीं थी, लेकिन इसके प्रमोशन ने लोगों को बहुत ज्यादा डरा दिया था। बाद में इस तरह को प्रमोशन एक्टिविटी करने के लिए मेकर्स की काफी निंदा भी की गई। हुआ यह था कि शहर के अखबार बेचने वाले बॉक्सों के अंदर मेकर्स ने छोटे डिजिटल म्यूजिक प्लेयर छिपाए थे, जो बॉक्स खुलते ही फिल्म की थीम ट्यून बजाते थे। बक्से के अंदर छिपे हुए तारों और अजीब आवाज सुनकर लोगों को लगा कि शहर में आतंकवादियों ने बम लगाए गए हैं। डर इतना बढ़ गया था कि कई इलाके खाली कराने पड़े और बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना बड़ा।

कॉफी शॉप में लड़की पर आया भूत?

साल 2013 में आई इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने न्यूयॉर्क की एक कॉफी शॉप में डरावना सेटअप तैयार किया था। यह दुकान के अंदर छिपे हुए तारों, रिमोट कंट्रोल कुर्सियों और नकली दीवारों का सेटअप था। जब आम ग्राहक वहां कॉफी पी रहे थे, तब एक एक्ट्रेस ने गुस्सा होने का नाटक किया और अपने दिमाग की शक्ति से एक आदमी को दीवार पर टांग दिया और टेबल-कुर्सियों को हवा में उड़ाने लगी। लोग चीखते हुए बाहर निकले और इस प्रैंक को आज तक के सबसे भयानक प्रैंक में गिना जाता है।

खबर संक्षेप

दिल्ली के लिए चयनित हुआ चोरिया के छात्र का 'आर्मी सेफ्टी गन' मॉडल



देवरी सारागांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरिया में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के प्रतिभावान छात्र रामेश्वर कुमार कुम्हार के मॉडल 'आर्मी सेफ्टी गन' का चयन इंस्पायर अवार्ड के तहत राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली के लिए हुआ है। जिला एवं राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद मॉडल ने इंडिया लेवल पर अपनी जगह बनाई है। रामेश्वर की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे जांजगीर-चांपा जिले में हर्ष का माहौल है। बताया गया कि इस मॉडल का दिल्ली के लिए चयन होने वाला रामेश्वर जिले का एकमात्र छात्र है।
रामेश्वर ने अपने मॉडल में ऐसी स्वचालित सुरक्षा व्यवस्था की परिकल्पना की है, जो किसी संभावित आतंकी हमले की दिशा का पता लगाकर सुरक्षा व्यवस्था को सक्रिय करने में मदद कर सकती है। मॉडल में सेंसर, रडार सिस्टम और आर्डूइनो आधारित नियंत्रण व्यवस्था का उपयोग किया गया है। छात्र के अनुसार, रडार सभी दिशाओं में निगरानी करता है तथा किसी दिशा से संभावित गतिविधि का संकेत मिलने पर उसे सेंसर के माध्यम से पहचानकर आर्डूइनो तक भेजा जाता है। इसके बाद मॉडल में लगी गन प्रणाली को सक्रिय करने की परिकल्पना की गई है। छात्र रामेश्वर कुमार कुम्हार ने बताया कि इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य सैन्य शिविरों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की कल्पना करना है। रडार के सभी दिशाओं में घूमते रहने की व्यवस्था के कारण किसी भी दिशा से आने वाली संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखने की परिकल्पना की गई है। विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल साहू ने कहा कि रामेश्वर एक होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्र है। उसने अपनी सूझबूझ, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक क्षमता के माध्यम से इस मॉडल को तैयार किया है। जिला एवं राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने के बाद मॉडल का राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली के लिए चयन होना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह मॉडल विद्यालय के विज्ञान शिक्षक नोहर लाल रत्नाकर के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। शिक्षक ने छात्र को मॉडल की अवधारणा, वैज्ञानिक प्रक्रिया और तकनीकी पक्ष को समझने में मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के पूर्व छात्र किशन कुमार कुम्हार के मॉडल का चयन भी दिल्ली के लिए हुआ था। किशन कुमार वर्तमान में बालको, कोरबा में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

बाबा साहब की प्रतिमा के अपमान पर भीम रेजिमेंट ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तार करने की मांग



पामगढ़। बिलासपुर–तखतपुर मार्ग स्थित लाखासर मोड़ के पास संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अपशिष्ट पदार्थ (गोबर) फेंककर अपमान किए जाने की घटना से सामाजिक न्याय एवं बाबा साहब के अनुयायियों में भारी आक्रोश है। इस घटना के विरोध में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। सुरेन्द्र रत्नाकर ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह केवल एक प्रतिमा का अपमान नहीं, बल्कि संविधान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस गंभीर मामले में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश संरक्षक दिलीप कश्यप,जिला अध्यक्ष जशवेन्द्र खूंटे,जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ शिवराज सायटोण्डे,जिला उपाध्यक्ष मनीष कर्ष,लारेंस निराला सामाजिक कार्यकर्ता,ब्लॉक उपाध्यक्ष नवागढ़ शिवगोपाल कश्यप,प्यारे लाल कश्यप,अनिल कश्यप,आशुतोष कर्ष,संजय कर्ष,महेश साहू,श्याम कर्ष,धनंजय साहू, युवा प्रकोष्ठ सचिव सूरज खटकर. विक्रम साण्डे शामिल रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद परिसर में रंगोली का आयोजन



पामगढ़। प्रधानमंत्री के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को कार्यालय जनपद परिसर पामगढ़ में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यालय के महिला कर्मचारी एवं स्वसहयता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली छायाचित्र का प्रदर्शन तैयार किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सभापति अश्वनी कुर्रे, ब्यास वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं मणिशंकर कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. पामगढ़, मुकेश गोस्वामी,रूपलता बुनकर शर्मा, उमेश कोशले, गौरव सिसोदिया, खगेश लहरे जनपद पंचायत कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारीगण, जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे ।

परसाडीह में विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता शिविर

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर घबराएं नहीं थोड़ी सी सावधानी बड़ी ठगी से बचाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देते अतिथिगण।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा के निर्देश पर बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाडीह में नालसा साइबर अपराध पीड़ितों की सहायता और धोखाधड़ी से गंवाए पैसे की रिकवरी योजना 2026 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकार मित्र लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने कहा कि साइबर अपराधी रोज नए-नए तरीके से लोगों को ठग रहे हैं और थोड़ी सी सावधानी बड़ी आर्थिक और मानसिक हानि से बचा सकती है। उन्होंने बताया कि ठग फिशिंग और स्पूफिंग के जरिए बैंक, सरकारी विभाग या बड़ी कंपनी के नाम से फर्जी ईमेल, मैसेज और कॉल भेजकर लिंक पर क्लिक करवाते हैं और खाता खाली कर देते हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स जैसे झूठे आरोप लगाकर डराते हैं और पैसे मांगते हैं, इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। इसी तरह जॉब और लॉटरी स्कीम, फर्जी कस्टमर केयर नंबर, गूगल सर्च पर मिलने वाले नंबरों पर कॉल करवाकर ऐप डाउनलोड कराकर रिमोट एक्सेस लेना, कम समय में ज्यादा मुनाफा देने वाली फर्जी निवेश योजना, सिम स्वैप कर बैंक खाते तक पहुंच बनाना और एपीके फाइल भेजकर ठगी करने जैसे तरीकों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, पासवर्ड या पिन शेयर न करें।अधिकार मित्र भगवती भारद्वाज ने साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ईमेल या मैसेज पर क्लिक न करें, सभी खातों के लिए अलग और मजबूत पासवर्ड रखें, जहां संभव हो टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें, फोन और ऐप्स को समय-समय पर अपडेट करें और हमेशा आधिकारिक प्ले स्टोर से ही डाउनलोड करें। सार्वजनिक वाई-फाई पर बैंकिंग लेन-देन से बचें और रातों-रात अमीर बनने या बड़ा इनाम जीतने के लालच वाले कॉल से सावधान रहें। यदि फ्रॉड का शिकार हो जाएं तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें, अपने बैंक को सूचित करें और नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल में रिपोर्ट करें।कार्यक्रम में स्कूल के व्याख्याता धनीराम साहू, लखन लाल, अजय कुमार टंडन, लकेश्वर कुमार बंजारे, सुनीता चंद्रा, राजकमल, द्वास राम कश्यप, वीरेंद्र कुमार निराला, सुमन जांगड़े सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विश्व दृष्टि दिवस पर सकर्रा में लगा नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर



शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सकर्रा में नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच के साथ ही आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया।

शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृत्युंजय राठौर एवं ब्लॉक प्रोग्राम अधिकारी थानेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की सभापति खीकबाई मनहरण, कमलेश तथा ग्राम पंचायत सरपंच बरत लाल सूर्यवंशी की उपस्थिति में हुई। शिविर के दौरान विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक उम्र के ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान चार लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन मरीजों को आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल सक्ती भेजा गया। शिविर में शासकीय प्राथमिक शाला के 67 बच्चों का भी नेत्र परीक्षण किया गया। बच्चों की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल, स्वच्छता और स्क्रीन के अत्यधिक उपयोग से बचने सहित आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। इससे बच्चों में आंखों से जुड़ी संभावित समस्याओं की समय रहते पहचान करने में मदद मिली। शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को प्राथमिक जांच एवं आवश्यक परामर्श के लिए दूर नहीं जाना पड़े। गांव में ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलने से ग्रामीणों ने भी शिविर के आयोजन को उपयोगी बताते हुए सराहना की।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के ग्रामीणों की हुई नेत्र जांच, चार में मोतियाबिंद की पुष्टि, 67 स्कूली बच्चों का भी परीक्षण

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सानिया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई, राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'गांधी दर्शन' विषय पर व्याख्यान एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के संचालक डॉ. विनोद कुमार बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. ऋषभ देव पाण्डेय उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. ऋषभ देव पाण्डेय ने अपने व्याख्यान में गांधी दर्शन के मूल सिद्धांतों सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन एवं ग्राम स्वराज की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों, आत्मनिर्भरता एवं सतत विकास के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार बंसल ने गांधी जी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, अनुशासन एवं सेवा भाव को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने गांधी जी के जीवन एवं दर्शन को प्रेरणास्रोत बताते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिया दिवाकर (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) तथा द्वितीय स्थान भीमाशंकर (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता गतिविधियाँ भी संचालित की गईं। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक गोकुल साहू ने किया तथा तकनीकी सहयोग कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक

सक्ती पहुंचेगा कौशल रथ, युवाओं को मिलेगी एआई और आधुनिक कौशल की जानकारी

सक्ती। शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था आईसेक्ट द्वारा 'समर्थ भारत-सक्षम भारत' अभियान के अंतर्गत कौशल विकास यात्रा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। देशव्यापी यह यात्रा 9 अक्टूबर को सक्ती पहुंचेगी। इस दौरान स्थानीय कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक कौशल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगी। इसके माध्यम से देश के 20 राज्यों के 300 जिलों, 500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 1 हजार से अधिक आईसेक्ट केंद्रों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को बदलते तकनीकी दौर के अनुरूप तैयार करना और उन्हें शिक्षा के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना है। इस वर्ष कौशल विकास यात्रा में एआई साक्षरता मिशनर्ह को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सक्ती में विद्यार्थियों के लिए एआई के बारे में या कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में और एआई में भविष्य विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग, इसके नैतिक पहलुओं तथा भविष्य में एआई से जुड़े करियर और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत की दिशा में बढ़ा सक्ती, 'जोश द टीम' का शुभारंभ



सक्ती। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 'जोश' (जॉइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीमों के राष्ट्रीय शुभारंभ का कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने 'जोश' टीमों के राष्ट्रीय अभियान का आज शुभारंभ किया। इसका वर्चुअल प्रसारण कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिनों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से 'जोश द टीम' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर के.एस. पैंकरा, सीएमएचओ डॉ पूजा अग्रवाल, समाजसेवी एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने भी संबोधित किया।

नेत्र सुरक्षा के उपाय व नेत्रदान के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में विश्व दृष्टि दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ शिखा साहू ने मायोपिया के चश्मा नियमित पहनने के सलाह दिए गए एवं अच्छे नेत्र के लिए पालक, गाजर, पपीता, पके आम, दुध, मछली एवं अंडे के सेवन करने के सलाह दिए गए।

इस 27वां विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी रामगोपाल आदिले के द्वारा नेत्र सुरक्षा की जानकारी नेत्र सुरक्षा के उपाय एवं नेत्रदान के बारे में जानकारी दिया गया, और 40 वर्ष बाद हर 6 महिने में आंख जांच करवाने के सलाह दिए गए जिसे जन समुदाय द्वारा सराहा गया। यह कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. अनीता श्रीवास्तव एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेन्द्र सिंह लहरे नवागढ़ के दिशा निर्देश में किया गया। इस अवसर पर बीपीएम विजय निर्मलकर बिइटिओ एंजेलिना कश्यप, नर्सिंग सिस्टर मंजुला आसन, नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी राजकिशोर बंजारे, फार्मासिस्ट बहोरीक पंकज, डेंटल सर्जन डॉक्टर क्षमता सिंह, योगेश तिवारी, चेतना साहू, शशि प्रभा लदेर सरस्वती चौहान, दिलहरन कठौतिया, जमुना आजाद, पंकज रात्रे शत्रुघन कुमार कंवर ग्रामीण चिकित्सा सहायक जगदीश मिश्रा, समिता वैभवानंद, सिस्टर निलिमा मसिह,ओम कुमारी कर्ष, कृष्णा साहू, जलेश साहु एवं लोग उपस्थित रहे।

भालेराय मैदान में 20 को दशहरा महोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व इस वर्ष नगर में भव्य और आकर्षक अंदाज में मनाया जाएगा।

- 50 फीट रावण, 35 फीट कुंभकरण और 30 फीट मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन



पत्रकारवार्ता में जानकारी देते समिति के पदाधिकारी।

नगर के भालेराव मैदान में 20 अक्टूबर को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजन को यादगार बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं।

दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को पहले की अपेक्षा और अधिक भव्य, आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप देने की तैयारी है। आयोजन को लेकर समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां अलग-अलग सदस्यों को सौंप दी गई हैं। मैदान की व्यवस्था, मंच निर्माण, पुतला निर्माण, आतिशबाजी, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों पर काम शुरू कर दिया गया है। इस वर्ष दशहरा महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण विशालकाय रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले होंगे। समिति के अनुसार रावण का पुतला 50 फीट, कुंभकरण का 35 फीट और मेघनाथ का 30 फीट ऊंचा होगा। पुतलों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। आयोजन की खास बात यह होगी कि इस बार दशहरा महोत्सव को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है। भारी भीड़ के कारण मैदान तक नही पहुंच पाने वाले लोगों के साथ-साथ बाहर रहने वाले या किसी कारणवश कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकने वाले लोग भी यूट्यूब, फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से घर बैठे दशहरा महोत्सव का लाइव प्रसारण सीधा देख सकेंगे। दशहरा महोत्सव में भगवान श्रीराम के राम दरबार की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों के दहन के साथ भव्य आतिशबाजी भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष धीरेंद्र बाजपेई, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, राम खूबानी, पुरुषोत्तम शर्मा, योगेश अग्रवाल, विनोद तिवारी एवं आकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

अकलतरा में अग्रसेन जयंती की रही धूम, नारी शक्ति ने संभाली आयोजन की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत बुधवार को विभिन्न मनोरंजक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम में नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी प्रमुख रूप से देखने को मिली।

महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान लेजी डांस, लूडो प्रतियोगिता एवं 'आओ सखी चुगली करें' जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। लेजी डांस में महिलाओं ने संगीत की धुन पर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं लूडो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। 'आओ सखी चुगली करें' प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में हास्य और मनोरंजन का माहौल बना दिया।आयोजन में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को जीवंत बना दिया। अग्रवाल समाज के इस आयोजन में मनोरंजन के साथ-साथ नारी सशक्तीकरण और सामाजिक सहभागिता का संदेश भी देखने को मिला। महिलाओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं से लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम ने समाज की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आपसी संवाद एवं मेल-जोल बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। महाराजा अग्रसेन के सामाजिक समरसता, सहयोग और समानता के संदेश को केंद्र में रखते हुए आयोजित जयंती महोत्सव में समाज के सदस्यों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिताओं के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में पारिवारिक एवं उत्सवपूर्ण वातावरण बना रहा। अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति की प्रमुख भूमिका ने आयोजन को विशेष बना दिया। महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया।

